प्रेषक,

महेश कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0शासन

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष्,
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ

लोक निर्माण अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 29 सितम्बर, 2021

विषय -वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गों का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/उच्चीकरण की मद में चालू कार्यो पर धनराशि आवंटित किये जाने के संबंध में।

महादेय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-4592बी.जी./7बी0-ग्रामीण मार्ग/2021-22, दिनांक 04-09-2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के अन्तर्गत जनपद चित्रकूट के कुल 11 चालू कार्यो हेतु संलग्न सूची के स्तम्भ-4 में उल्लिखित शासनादेशों द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। उक्त 11 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में संलग्न सूची के स्तम्भ-9 के अनुसार रू0 14,24,50,000/- (रूपये चौदह करोड़ चौबीस लाख पचास हजार मात्र) अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

4- उक्त मार्गो को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापरक पूर्ण कराकर उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में वित्तीय स्वीकृतियों निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

6- स्तम्भ-4 में अंकित शासनादेशों की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

क्रमशः.....

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

7- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-58 के लेखाशीर्षक 5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय, 04-जिला तथा अन्य सड़कें, 337-सड़क निर्माण कार्य, 1350-श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गों का निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/उच्चीकरण, 24-वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

8- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में प्राविधानित अधिकारों के अंतर्गत जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त ।

भवदीय,

(महेश कुमार)
विशेष सचिव

संख्या उपरोक्त एवं तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ् एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, प्रथम (निर्माण), उ0प्र0 प्रयागराज ।
2- संबंधित जिलाधिकारी/कोषाधिकारी ।
3- नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।
4- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0 / वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 लखनऊ ।
5- समस्त संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, को सूचित करने का कष्ट करें।
6- संबंधित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8 / वित्त (आय-व्ययक), अनुभाग-2, उ0प्र0शासन ।
8- लोक निर्माण अनुभाग-10 ।
9- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-155/2021/883/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2021,

दिनांक 29 सितम्बर, 2021 का संलग्नक

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या व दि0	स्वीकृत लम्बाई (कि0मी0 में)	स्वीकृत लागत	31.3.21 तक आवंटन/व्यय	01.04.2021 को अवशेष	वित्तीय वर्ष 2021-22 में अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	चित्रकूट	छिवली मार्ग के कि0मी0 1 से प्रा0वि0 छिवली होते हुए महादेव का डेरा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	1.63	128.17	5.00	123.17	97.54
2	चित्रकूट	सुरौंधा से महादेव सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	1.50	116.81	5.00	111.81	88.45
3	चित्रकूट	इटवा ततवार सम्पर्क मार्ग के कि0मी0 1 से निजामुद्दीन तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	2.30	197.64	5.00	192.64	153.11
4	चित्रकूट	बरवार से ताड़ी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	2.20	173.20	5.00	168.20	133.56
5	चित्रकूट	बियावल रोड के कि0मी0 7 से चक अलैया सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	0.63	50.65	4.00	46.65	36.52
6	चित्रकूट	ताड़ी मार्ग के कि0मी0 6 से पिपरी सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	2.50	201.52	7.00	194.52	154.22
7	चित्रकूट	बम्बुरा मार्ग से काली मन्दिर होते हुए अनु0 बस्ती तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	1.20	90.71	4.00	86.71	68.57
8	चित्रकूट	बम्बुरी मार्ग से तिलिहा पुरवा भिटारी होते हुए ग्राम प्रधान से घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	2.50	196.37	5.00	191.37	152.10
9	चित्रकूट	सखौंहा से चकोर रोड से दुबारी नहर पटरी होकर मण्डौर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	5.00	372.48	8.00	364.48	289.98
10	चित्रकूट	सेसा सुबकरा का मजरा जग्गी का डेरा कालूराम का पुरवा तक सम्पर्क मार्ग।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	1.50	139.00	5.00	134.00	106.20
11	चित्रकूट	मनकुंवार से दौलतपुर तक सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य।	100/2021/आ0-11/23-9-2021-01एस0पी0एम0/2020,दि0-25.03.2021	3.50	186.56	5.00	181.56	144.25
							कुल योग-	**1424.50**

(अवमुक्त धनराशि रू0 चौदह करोड़ चौबीस लाख पचास हजार मात्र)

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in